WATCH GOD WATCHDOG
NBT
नवभारत टाइम्स
नोएडा/गाजियाबाद > सोमवार, 26 जून 2023 > आषाढ़ 5 शक संवत 1945 आषाढ़ शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2080
www.navbharatgold.com
वर्ष 77, संख्या 150 > पेज 14* > मूल्य 3.50 या 8.50* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.nbt.in

निर्मला सीतारमण का ओबामा पर पलटवार ▸p10

किसके साथ लंच पर गईं ऐक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ▸ देखें अंदर

नोएडा में पर्थला फ्लाईओवर का उद्घाटन होने के बाद आवाजाही शुरू हुई

■ **वस, नोएडा :** नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान की जनसभा में आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा-ग्रेनो के 124 प्रॉजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि ये परियोजनाएं नोएडा के विकास को और रफ्तार देंगी।

बात अगर नोएडा की करें तो लोकार्पण वाले बड़े प्रॉजेक्ट में पर्थला फ्लाईओवर, एडवंट अंडरपास, सेक्टर-78 में बना वेदवन पार्क शामिल हैं। वहीं, शिलान्यास में शहर के गीले और मिक्स कूड़े के निस्तारण को अस्तौली में लगने जा रहा प्लांट, कई सेक्टर में जल-सीवर की पाइप लाइन, बिजली घर समेत अन्य काम शामिल हैं। इसी तरह ग्रेनो अथॉरिटी के साइट ऑफिस, निर्माण व ध्वस्तीकरण मलबे का निस्तारण की व्यवस्था का लोकार्पण शामिल रहा। ग्रेटर नोएडा में सेक्टरों में होने वाले कई विकास कार्यों का शिलान्यास भी सीएम की तरफ से किया गया। 600 मीट्रिक टन गीला-सूखा कूड़ा के निस्तारण को एनटीपीसी ग्रेनो के अस्तौली में प्लांट लगवाएगा। कूड़े से ग्रीन कोल तैयार किया जाएगा। इसमें 300 मीट्रिक टन कूड़ा नोएडा का तो 300 मीट्रिक टन कूड़ा ग्रेटर नोएडा का जाएगा। प्लांट को एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लगवाएगा और संचालन भी करेगा। प्लांट स्थापित करने में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है। रविवार को प्लांट का एमओयू औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज सिंह ने सीएम की मौजूदगी में एनटीपीसी के साथ मंच पर साइन किया।

पिंक बूथ भी हुए शुरू

■ **सीएम ने** महिला सुरक्षा के लिए पुलिस के 4 पिंक बूथ का भी लोकार्पण किया। ये पिंक बूथ भीड़-भाड़ वाली जगहों पर बनाए गए हैं। यहां महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। शहर में बॉटनिकल गार्डन के पास व एक्सप्रेस-वे किनारे सेक्टर-135, परी चौक और चेरी काउंटी में बूथ बनाए गए हैं।